मंदिर रथ सप्तमी एवं सरस्वती पूजन... पृष्ठ 2 | जब हनुमान जी ने अपने सामर्थ्य ... पृष्ठ 3

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

नांदगांव टाइम्स

शुक्रवार, 07 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 115, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज केवल एक संत एवं जैनाचार्य नहीं बल्कि युग पुरूष थे : केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री भारत सरकार शाह

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री भारत सरकार अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय डोंगरगढ़ स्थिति चंद्रगिरि तीर्थ में विनयांजलि समारोह में हुए शामिल

- आचार्य विद्यासागर महाराज ऐसे विरले व्यक्तित्व जिन्होंने राष्ट्र के लिए किया जीवन समर्पित

- आचार्य विद्यासागर महाराज की स्मृति में 100 रूपए का सिक्का तथा उनके जीवन कंवल को वर्णित करने वाले स्पेशल कव्हर डॉक लिफाफा का किया गया विमोचन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री भारत सरकार अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज डोंगरगढ़ स्थिति चंद्रगिरि तीर्थ में विनयांजलि समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, लोकसभा सांसद राजनांदगांव संतोष पाण्डेय, जैन समाज के संत समतासागर महराज, जनप्रतिनिधि एवं जैन समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री भारत सरकार अमित शाह ने कहा कि दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज ईश्वरतुल्य व्यक्तित्व हैं, आज इस पवित्र भूमि पर उन्हें काव्यांजलि देने का अवसर मिला है। आचार्य विद्यासागर ने यहां अंतिम साधना कर इस स्थान को समाधि के लिए पसंद किया। एक वर्ष बाद यहां काव्यांजलि देने के लिए आने का अवसर मिला है। दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज केवल एक संत नहीं, जैनाचार्य नहीं, युग पुरूष थे। उन्होंने नये विचार एवं युग का प्रर्वतन किया। उनकी तप साधना की तथा भारतीय संस्कृति, कर्मों के ज्योर्तिपुंज बने तथा देश की पहचान को विश्व में व्याख्यायित किया। उनके साथ बिताए हुए यादों का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज का आग्रह हमारे देश की भाषाओं का संरक्षण संवर्धन तथा संस्कृति को



समृद्ध बनाने का था। उन्होंने कहा कि जी-20 सम्मेलन की मेजबानी के दौरान प्रधानमंत्री के आमंत्रण में पीएम ऑफ भारत लिखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके संदेशों का अनुकरण किया। जिससे विश्व अचंभित हो गया। भारतीयता के भक्त इससे आल्हादित एवं आनंदित थे। इस अवसर पर गृह मंत्री ने दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज की स्मृति में 100 रूपए का सिक्का तथा उनके जीवन कंवल को वर्णित करने वाले स्पेशल कव्हर डॉक लिफाफा विमोचन किया। 108 अष्टधातु से निर्मित आचार्य विद्यासागर महाराज जी के चरण चिन्ह का लोकार्पण किया।

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री भारत सरकार अमित शाह ने कहा कि दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज ने तपस्या का मार्ग अपनाया और अंतिम समय में उन्होंने पंचतत्व को आत्मसात किया। उनका शरीर कृशकाय होता गया। उनके जीवन से जैन समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने अपना जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। ऐसे लोग विरले होते है। अहिंसा परमो धर्म= को समस्त विश्व में व्याख्यायित किया। उन्होंने जीवन भर जैन धर्म के सभी सिद्धातों का पालन किया। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वसुधैव कुटुम्बकम, अहिंसा परमो धर्म की पोटली बांधकर उनके संदेशों का विश्व में प्रचार कर रहे है। उन्होंने कहा कि दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज की स्मृति में भारत में 100 रूपए का सिक्का तथा उनके जीवन कंवल को वर्णित करने वाले 5 रूपए का लिफाफा का लोकार्पण किया। जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। गृह मंत्री ने कहा कि यह संत परंपरा का सम्मान है और इसकी आज समाज को बहुत जरूरत है। उनके सिद्धांत, उपदेश, विचार संदेश बनकर युगों-युगों तक अमर रहेंगे। उनका जीवन त्याग, संयम, तपस्या से परिपूर्ण रहा। देश की संत परंपरा समृद्ध रही है और भारत भूमि में संत परंपरा का निर्वहन किया जाता रहा है। यहां के संतों ने देश को एकता के सूत्र में बांधा है और भक्ति के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना की लौ जलाए रखी है। पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहते हुए देश की संस्कृति एवं भाषा को संबल दिया है। जैन मुनि ने देश को एक करने का कार्य किया। पैदल घूम कर त्याग की पराकाष्ठा का अपने कर्मों से संदेश देने का कार्य किया है। उन्होंने अपना जीवन धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने अंतिम क्षण तक खुद की परवाह करे बगैर राष्ट्र धर्म का पालन किया। उन्होंने सबके प्रति समभाव रखा तथा वितरागी रहे। हिन्दी में मूक माटी उनका महाकाव्य बना। अनेक भाषाओं में उनके अनुयाययियों ने इसे संरक्षित किया है। आचार्य विद्यासागर ने कहा है कि जिस प्रकार भोजन की थाली में विविध प्रकार के व्यंजन होते है, उसी प्रकार हमारे देश में विभिन्न प्रकार की लिपियां, बोली, भाषा, व्याकरण, सांस्कृतिक रूप से देश को समृद्ध बनाते हैं। उन्होंने धर्म, दर्शन, आध्यात्म के साथ राष्ट्र प्रेम के प्रति जनसामान्य को जागरूक किया है। उन्होंने बताया कि शरीर क्षण भंगुर है और पंचतत्व का उदाहरण दिया। आचार्य जी ने स्वदेशी के लिए आव्हान किया तथा गृह उद्योग, कुटीर उद्योग, गोधन, चरखा, हथकरघा के लिए जनमानस को प्रेरित किया। दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज जी के कार्य, लेखन, प्रवचन, संदेश राष्ट्र की धरोहर है। उन्होंने कल्प वृक्ष की भांति जीवन जिया तथा राष्ट्र को संबल प्रदान किया। उन्होंने समाधि के भूमिपूजन के लिए सभी को साधुवाद एवं शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आभार व्यक्त किया कि दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज का अधिकांश जीवन डोंगरगढ़ चंद्रगिरि तीर्थ में बीता और संलेखना के माध्यम से उन्होंने देह त्यागे। छत्तीसगढ़ की जनता एवं जैन समाज की ओर से उन्होंने गृह मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आचार्य समता सागर महाराज तथा जैन मुनियों को धन्यवाद दिया। छत्तीसगढ़ की धरती में कदम रखने वाले सभी साधु संतों का आर्शीवाद प्रदेश को मिला है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने भी अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर इस अवसर पर मुनि पवित्रसागर जी, मुनि आगमसागर जी,मुनि पुनीत सागर जी, वरिष्ठ आर्यिका गुरुमति माताजी,आर्यिकारत्न दृणमति माताजी, जैन समाज के अशोक पाटनी, महोत्सव के अध्यक्ष विनोद बडज़ात्या, श्रीकांत प्रभात जैन, विनोद जैन, मनीष जैन एवं जैन समाज के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि एलक धैर्य सागर महाराज जी द्वारा रचित अंतर्यात्री महायात्रा नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। निर्यापक श्रमण समतासागर महाराज जी द्वारा रचित समाधि संबोधन नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। डिजिटल माध्यम से प्रतिभास्थली विद्योदय ज्ञानपीठ रोजगारोन्मुखी निःशुल्क कन्या विद्यालय कारोपानी डिंडोरी मध्यप्रदेश का लोकार्पण किया। जहां छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार की शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

चुनावी खुमार अंतिम चरण की ओर, प्रत्याशी कर रहे हैं डोर टू डोर संपर्क

बागी बिगाड़ रहे हैं चुनावी समीकरण

डोंगरगांव (नांदगाँव टाइम्स)। निकाय चुनाव के मतदान के लिए अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। वहीं चुनावी खुमार अब मतदाताओं के सर चढ़कर बोल रहा है। नगर के सभी पंद्रह वार्ड बड़े-बड़े बैरन, पोस्टर और फ्लेक्स से पटे पड़े हैं। इधर उम्मीदवार भी डोर टू डोर मतदाताओं से संपर्क तथा छोटी-बड़ी सभाओं के माध्यम से मतदाताओं को रिझाने में लग गए हैं। दलीय अधार पर होने वाले इस निकाय के चुनाव में राजनीतिक दलों के सामने बागी उम्मीदवार सबसे बड़ी समस्या बन गए हैं। इनमें कांग्रेस से बगावत कर नगर पंचातय के पूर्व उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा ने अपनी धर्म पत्नी पिंकी लोढ़ा को चुनावी समर में उतार दिया है, जो कांग्रेस के लिए घातक दिखाई दे रही है। इसी प्रकार भाजपा की बागी उम्मीदवार सरिता ढीमर भी बगावती शुर के साथ चुनावी मैदान में है। निकाय में बीते तीन कार्यकाल से कांग्रेस काबिज है वहीं बीते चुनाव में नगर के पंद्रह वार्ड में से ग्यारह पे कांग्रेसी पार्षदों ने जीत दर्ज की थी। जबकि भाजपा के मात्र दो ही पार्षद जीत कर आये थे। बीते चुनाव में भाजपा के दो बागियों ने भी जीत दर्ज की थी, जिनकी बाद में घर वापसी हो गई थी।

राजनीतिक जानकारों की मानों तो नगर पंचायत बीते तीन चुनाव में कांग्रेस का एकाधिकार था लेकिन गत वर्ष संपन्न हुए विधानसभा और लोकसभा चुनाव में नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों में बीजेपी को अप्रत्याषित रूप से बढ़त मिली है। जिसके चलते राजनीति के चाणक्यों का समीकरण गड़बड़ा गया है। एक ओर जहां कांग्रेस के बागी श्रीमती लोढ़ा सीधे तौर पर कांग्रेस को नुकसान पहुंचा रही है। वहीं भाजपा की श्रीमती ढ़ीमर भाजपा सहित

कांग्रेस व श्रीमती लोढ़ा के वोट बैंक पर सेंधमारी करते नजर आ रहीं हैं। हालांकि भाजपा श्रीमती ढ़ीमर को लेकर चिंतित नहीं है जबकि दूसरी ओर श्रीमती लोढ़ा दोनों पार्टी के लिए सिरदर्द साबित हो रही है

उम्मीदवार कर रहें डोर टू डोर प्रचार-प्रसार

मतदान तिथि 11 फरवरी के नजदीक आते ही प्रत्याषी अब डोर टू डोर जनसंपर्क में लग गए हैं। निदर्लीय पिंकी लोढ़ा कांग्रेस बाहुल्य वाले सभी वार्डों में सुबह से लेकर देर शाम तक अपनी उपस्थिति दे रहीं हैं। जबकि कांग्रेस की पुष्पदेवी रोशन यदु के पक्ष में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेष बघेल ने सभाकर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया है। वहीं क्षेत्रीय विधायक दलेष्वर साहू ने चुनावी कमान अपने हाथों में थाम रखी है। जबकि भाजपा की अंजू त्रिपाठी सुबह से लेकर शाम तक छोटी-बड़ी वार्ड सभा से लेकर वृहद रूप से जनसंपर्क में व्यस्त नजर आ रही हैं। वहीं भाजपा की बागी सरिता ढीमर की चुनावी उपस्थिति नजर आ रही है।

पार्षदों ने किया अध्यक्ष के प्रचार से किनारा

नगर पंचायत चुनाव में सभी 15 वार्डों में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने अपने प्रत्याषियों को चुनावी मैदान में उतारा है। माना जाता है कि पार्षद प्रत्याषी अपने-आपने वार्डों में अपने साथ अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के लिए भी प्रचार-प्रसार करते हैं। परन्तु भाजपा व कांग्रेस दोनों की दलों के अधिकांष उम्मीदवार एकला चलो की नीति अपनाते हुए अध्यक्ष उम्मीदवारों को अपने प्रचार से किनारे करने की खबर है। जिसको लेकर दोनों की दलों में बैठकों का दौर जारी है। राजनीतिक सूत्रों की माने तो ज्यादातर पार्षद उम्मीदवार अपने जीत के मार्ग को प्रषस्त करने के लिए यह रणनीति अपना रहे हैं। अब यह अघोषित विरोध किसे फायदा और किसे नुकसान पहुंचाएगा यह आगामी 15 फरवरी को मतगणना में सामने आयेगा।

राजनांदगांव। शहर के गौरीनगर वार्ड में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा द्वारा आयोजित विजय संकल्प सभा में पहुंचे छ.ग.मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर रमन सिंह।

जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन अंतर्गत 4 अभ्यर्थी ने नाम वापस लिया

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 13 पदों के लिए प्राप्त कुल 67 नाम निर्देशन पत्रों के विधि मान्य होने के बाद आज 4 अभ्यर्थी ने नाम वापस लिया है। जिसमें निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2-लिटिया से चित्रलेखा वर्मा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा से धनेन्द्र कुमार साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ से दीपक कुमार सिन्हा एवं जितेन्द्र सिन्हा शामिल है।

निकाय चुनाव को लेकर ई वी एम मशीन का प्रदर्शन

डोंगरगांव (नांदगाँव टाइम्स)। प्रेस क्लब सदन डोंगरगांव में निर्वाचन कार्य में लगे प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा ईवीएम मशीन का प्रदर्शन किया गया इस दौरान जानकारी दिया गया है कि निकाय चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद के लिए मतदाताओं को दो बार वोटिंग करना होगा जिसमें अध्यक्ष पद के लिए ऊपर सफेद बैकग्राउंड में उम्मीदवारों का नाम होगा तथा पार्षद पद के लिए गुलाबी बैकग्राउंड में उम्मीदवारों का नाम प्रदर्शित होगा वोटिंग के समय मतदाता किसी भी पद के लिए पहले वोटिंग कर सकते हैं और पहले वोटिंग के लिए स्टार्ट आवे और दूसरी वोटिंग होने पर लॉन्ग दीप की आवाज के साथ वोटिंग प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी उनके साथ ही मशीन में नोटा और इंड बटन भी दिया गया है उपस्थित टीम ने निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है साथ ही मशीन के वोटिंग से लेकर सीलिंग तक की विशेष जानकारी दी गई है जिसमें बताया गया कि उम्मीदवारों के नाम अंकित होने के बाद मशीन को सील कर दिया जाएगा अलग-अलग वार्डों में उम्मीदवारों के हिसाब से वोटिंग मशीन तैयार की जाएगी।

नगर निगम में निवास करने वाले प्रतिभाशाली लोगों को निगम की तरफ से एक सम्मान राशि प्रदान की जाएगी: निखिल द्विवेदी

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। राजनंदगांव गुरुवार को जनसम्पर्क कार्यक्रम के तहत निखिल ने वार्ड नंबर 16 पार्षद प्रत्याशी कर्तव्य देवांगन,, वार्ड नंबर वार्ड 17 पार्षद प्रत्याशी संतोष पिल्ले ,वार्ड नंबर 18 पार्षद प्रत्याशी ममता गजभिये,,पार्षद प्रत्याशी वार्ड 19 संगीता साहू जी के साथ जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में आशीर्वाद मांगा निखिल द्विवेदी ने कहा की शैक्षणिक खेल विज्ञान कृषि लेखक इतिहासकार सांस्कृतिक सेवा सहित विभिन्न छेत्रों में गौरव अर्जित करने वाले को नगर निगम के तरफ़ से सम्मान राशि प्रदान किया जाएगा राजनंदगाँव हाकी और झाकी की भूमि है यहाँ एक से एक अच्छे हुनरबाज़ लोग है हम नगर निगम सत्ता में आते है तो इनको सम्मानित करने का काम करेंगे सम्मान के तौर पर इन्हें प्रसरित पत्र के साथ सम्मान राशि प्रदान की जायेगी साथ ही उन्हें राजनांदगांव गौरव रत्न से सम्मानित किया जाएगा राजनांदगाँव खेल और संस्कृति के छेत्रों में हमेशा अग्रणी रहा है यहाँ से बड़े बड़े राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खेल के छेत्र में अपना लोहा मनवा

चुके है आज कोई भी छेत्र हो राजनांदगाँव के लोग सभी छेत्रों में आगे रहकर शहर का नाम रोशन कर रहे है आज संसंपर्क के दौरान मुख्यरूप से महापौर निखिल द्विवेदी , विधानसभा प्रत्याशी गिरीश देवांगन,महापौर हेमा देशमुख पार्षद प्रत्याशी कर्तव्य देवांगन, पार्षद प्रत्याशी संतोष पिल्ले ,पार्षद प्रत्याशी ममता गजभिये,पार्षद प्रत्याशी संगीता साहू ,दौलत चंदेल,जितेंद्र मुदलियार, सूर्यकांत जैन, दौलत चंदेल, आसिफ अली ,वीरेंद्र चौहान,ऋषि शास्त्री,चेतन भानुशाली, रीना पटेल , सूरज शर्मा ,ललिता साहू,स्मृति द्विवेदी, सचिन द्विवेदी,जुनैद बड़गुजर, चेतन सिन्हा,विवेक बहादुर, गणेश पावर, गुरभेज मखीजा, राजा यादव,मानव देशमुख,ऋषभ निर्मलकर,राम शास्त्री,अभिमन्यु मिश्रा,क्रिश आशीष रामटेके, मुस्तफा जोया,जंघेल,प्रथमेश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे

रामकथा सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



डोंगरगांव। खुज्जी के समीप ग्राम दर्री शिवनाथ नदी तट स्थित ब्रह्मचारी आश्रम में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ के तहत आयोजित राम कथा में राजपुर (चित्र कूट) से पधारे श्री मानस काग जी महाराज ने प्रथम दिवस की कथा में बताया कि जो मानव से मानव को मिला दे मानव से मानव की दूरियों को कम करे वही राम चरित मानस है उन्होंने बताया कि रामचरित मानस एक ऐसा दिव्य ग्रंथ है जिसकी राम की कथा अमरत्व को प्रदान करती है, जो सच्ची भक्ति और नियम पूर्वक राम कथा का श्रवण करेगा उसके सकल कामनाओं की पूर्ति होगी क्योंकि राम की कथा कल्प। वृक्ष के समान है ये श्री दिव्य कथा है उन्होंने रामचरित मानस का सारगर्भित व्याख्यान करते हुए बताया कि राम चरित मानस के सात कांड सात सीढ़ियां है जो मनुष्य के जीवन के आदर्शों को ऊंचाइयों की ओर ले जाती है ,श्री काग जी ने मानस के गूढ़। रहस्यों को समझाते हुए श्री राम की कथा को सर्व मंगल प्रदान कारी बताया।

भाजपा से बागी होकर लड़ रहें चुनाव, पार्टी ने किया निष्कासित

डोंगरगांव। नगर में भाजपा से बागी होकर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ रहे प्रत्याशीयों को भाजपा मंडल डोंगरगांव द्वारा निष्कासित कर दिया गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष दीनानाथ पटेल ने बताया कि पार्टी के निर्देश पर बागी कार्यकर्ताओं को जो पार्टी से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहें है इन बागी प्रत्याशियों को निष्कासित की अनुशंसा भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया गया है इसके लिए पत्र भी जारी किया गया है। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ रही सरिता डीमर, पार्षद प्रत्याशी सिद्दीक बड़गुजर, अक्षय जैन चंको, राकेश देवांगन, विकास गुप्ता गोलू, जितेन्द्र सोनकर को भाजपा मंडल डोंगरगांव द्वारा निष्कासित कर दिया गया है।

संस्कार पब्लिक स्कूल की छात्रा लक्षिता राठी को दिशा एजुकेशन सोसायटी ने बेहतरीन शतरंज खिलाडी होने के लिए सम्मानित किया

जवाहर नवोदय विद्यालय लैटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा 8 को

राजनांदगांव। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए लैटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा शनिवार 8 फरवरी 2025 को सुबह 10.30 बजे से निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। कक्षा नवमीं हेतु सेंट विसेंट पैलोटी इंटरनेशनल स्कूल डोंगरगढ़ एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। कक्षा ग्यारहवीं हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बधियाटोला डोंगरगढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षार्थी को अपने साथ प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

निर्वाचन आयुक्त ने की मतदान पूर्व तैयारियों की समीक्षा

रायपुर। आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने रायपुर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सेजबहार में समीक्षा बैठक ली। बैठक में चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालन के लिए किए जा रहे व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

शुभांक
2-8-9
678-1 149-4
भाग्यांक
239-4

मंदिर रथ सप्तमी एवं सरस्वती पूजन वसंत पंचमी कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया

भिलाई (नांदगाँव टाइम्स)। श्री श्रद्धा सुमन साईबाबा हाऊसिंग बोर्ड मंदिर रथ सप्तमी एवं सरस्वती पूजन वसंत पंचमी का कार्यक्रम हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया माता सरस्वती की प्रतिमा फोटो पर फुल पुष्प फुलमाला चढ़ाकर पूजा अर्चना की आशीर्वाद लिया सभी महिलाये भजन कीर्तन आरती की माता सरस्वती की जय हो जय जय कारे लगाये सुहागिनी महिलाओ को श्रिंगार प्रसाद दान भेट किया गया इस कार्यक्रम हे अवसर पर विशेष रूप से मंदिर समितीचे अध्यक्ष भारती देशमुख उषा क्षीरसागररथ सप्तमी पर भगवान सूर्य को समर्पित एक पावन दिन है। इस बार यह पर्व दिन मंगलवार 4 फरवरी, 2025 को मनाया जाएगा। यह पर्व हर साल भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, जो माघ महीने में शुक्ल पक्ष सप्तमी को आता है। इसे माघ सप्तमी, सूर्य जयंती और अचला सप्तमी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना करने से सभी इच्छाओं की पूर्ति होती है। इसके साथ ही जीवन में खुशहाली आती है।वसंत पंचमी की कथा - सृष्टि के प्रारंभिक काल में भगवान विष्णु की आज्ञा से ब्रह्माजी ने मनुष्य योनि की रचना की, परंतु वह अपनी सर्जना से संतुष्ट नहीं थे, तब उन्होंने विष्णु जी से आज्ञा लेकर अपने कमंडल से जल को पृथ्वी पर छिड़क दिया, जिससे पृथ्वी पर कंपन होने लगा और एक अद्भुत शक्ति के रूप में चतुर्भुजी सुंदर स्त्री प्रकट हुई। जिनके एक हाथ में वीणा एवं दूसरा हाथ वर मुद्रा में था। वहीं अन्य दोनों हाथों में पुस्तक एवं माला थी। जब इस देवी ने वीणा का मधुर नाद किया तो संसार के समस्त जीव-जंतुओं को वाणी प्राप्त हो गई, तब ब्रह्माजी ने उस देवी को वाणी की देवी सरस्वती कहा।सरस्वती को वागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। संगीत की उत्पत्ति करने के कारण वह संगीत की देवी भी हैं। वसंत पंचमी के दिन को इनके जन्मोत्सव के रूप में भी मनाते हैं। पुराणों के अनुसार श्रीकृष्ण ने सरस्वती से खुश होकर उन्हें वरदान दिया था कि वसंत पंचमी के दिन तुम्हारी भी आराधना की जाएगी। इस कारण हिंदू धर्म में वसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती हैकार्यक्रम के इस अवसर पर विशेष रूप से समिती अध्यक्ष भारती देशमुख प्रीती जाधव उषा क्षीरसागर बीजेपी अध्यक्ष महिला अध्यक्ष भिलाई स्वीटी कौशिक रश्मी ताई खोडे, मंगलाई कामिनी कर ज्योती देशमुख रूपा चौगडे अर्चना मुले प्रीती जाधव ममता सातपुते सुनंदा मुले कल्पना वाघमारे नमिता होडा स्नेहा ब्रह्म छाया सातपुते शोभा गुल्कर कोलवंती साहू मनीषा महाजन रश्मी खान जोडे नीतू सिंग मनीषा राठी समस्त महिला कार्यकर्ता

मतदान तिथि को सार्वजनिक अवकाश एवं सामान्य अवकाश घोषित

राजनांदगांव। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नगरीय निकाय 2025 अंतर्गत मतदान तिथि मंगलवार 11 फरवरी 2025 को सार्वजनिक अवकाश एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान तीन चरणों में आयोजित होगा। जिसके लिए मतदान तिथि सोमवार 17 फरवरी 2025 एवं गुरूवार 20 फरवरी 2025 को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। मतदान तिथि रविवार 23 फरवरी 2025 को शासकीय अवकाश होने के कारण पृथक से सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित करने की आवश्यकता नहीं है।

बडी पार्टीयों ने संस्कारधानी का रोजगार छीना है : दीपा लव रामटेके

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। महापौर उम्मीदवार दीपा लव रामटेके ने अपने जन सम्पर्क में लोगों की नाराजगी का कारण जानना चाहा तो लोगों ने बताया की संस्कारधानी में रोजगार के नाम कुछ नहीं है, कभी राजनांदगांव बीएनसी मिल्स बंगाल नागपुर कॉटन मिल्स के नाम से जाना जाता था लेकिन बड़े नेताओं की बड़ी राजनीति के चलते एक बड़ा रोजगार का साधन बंद हो गया आखिर इसका जिम्मेदार कौन है? आज शहर में मजदूरी के अलावा कुछ नहीं बचा है, मजदूरी भी इतनी कम दो वक्त बड़ी मुश्किल से गुजर हो रहा है, शहर के जनप्रतिनिधि अब धन प्रतिनिधि बन गये है, उन्हें केवल अपने पद व राजनीतिक चमक की जरूरत है, शहर की भोली-भाली जनता के जीवन स्तर से कोई लेना देना नहीं रह गया है. चुनाव के दौरान बड़ी पार्टीयाँ लोगों से नये-नये व लुभावने वादे कर रहे है जबकि ये शासन सत्ता में रहें है लेकिन राजनांदगांव के लिये कुछ नहीं पाये. शहर की जनता सब समझ चुकी है कितनी बड़ी भी सभा करा लें कोई फायदा नहीं होने वाला. शहर की जनता अब बहकावें में आने वाली नहीं है. महापौर प्रत्याशी दीपा लव रामटेके ने कहाँ कि हमने 15 मुद्दों को शहर के समाने रखा है हम उसपर काम करेंगें, जनता का सहयोग भरपूर मिल रहा है खासकर महिलाओं व युवाओं जो बदलाव चाहते है, शहर का सही विकास चाहते, शहर में रोजगार चाहते है. हमने पहले भी कहाँ है. शहर के विकास के लिये जरूरी नहीं है कि राजनीतिक दल का व्यक्ति ही जीत कर आयेगा तो ही विकास ऐसा होता तो और उन्हें फिर से वादा नहीं करना पड़ता. शहर की राजनीति को शहर की जनता समझ चुकी है, विकास के नाम पर शहर में भ्रष्टाचार फैल चुका है.पूरा शहर चाहता है अच्छे शिक्षित व्यक्ति को चुनकर लाना है. पूर्व की सत्ताशीन दलों ने शहर में रोजगार की ओर कोई ध्यान नहीं दिया है जबकि महापौर, विधायक, सासंद मुख्यमंत्री सब उन्हीं के ऊपर से डबल इंजन की सरकार फिर राजनांदगांव को क्या मिला, शहर चिन्तन कर रहा है. एक मात्र महिला महापौर प्रत्याशी के रूप में मुझको (दीपा लव रामटेके) अच्छा सपोर्ट मिल रहा है. जनसम्पर्क में पता चल रहा है कि लोगों का रूझान हमारी ओर है।

दम तोड़ रहे नक्सली आंदोलन को और एक और तगड़ा झटका

ईनामी नक्सल दंपत्ति ने पुलिस के समक्ष किया समर्पण

जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रयास से प्रभावित होकर किया आत्मसमर्पण

अंबागढ़ चौकी (नांदगाँव टाइम्स)। संगठन के विचारों से हुआ मोहभंग और मिली निराशा एवं संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद के चलते किए आत्मसमर्पण किया। पुलिस महानिरीक्षक, दीपक झा राजनांदगांव रेंज जिला राजनांदगांव के मार्गदर्शन व वाय.पी. सिंह, पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर अं. चौकी के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत् डीआरजी टीम एवं केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल, आईटीबीपी तथा जिला पुलिस बल के द्वारा किए जा रहे संयुक्त प्रयासो से तथा छ.ग. शासन की नई पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण निति योजना से प्रभावित होकर दण्डकारण्य के माड डिविजन प्रेस युनिट के कमाण्डर पवन तुलावी उर्फ सोमलाल ने अपनी पत्नी पायके ओयाम के साथ 06 फरवरी को पुलिस अधीक्षक जिला-मोहला-मानपुर- अं.चौकी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

आत्मसमर्पित करने वाले माओवादियों के नाम/पद

पवन तुलावी उर्फ सोमलाल पिता मलिंग साय तुलावी उम्र 37 साल साकिन दोरदे (स्कुलपार) थाना मदनवाड़ा जिला एमएमएसी, एरिया कमेटी सदस्य माड डिविजन प्रेस युनिट कमाण्डर एवं पायके ओयाम पिता ईरपा ओयाम उम्र 27 साल साकिन ताडवलला थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर, प्लाटुन नं- 16 की पी.पी.सी.एम. के रूप में काम कर थे, वर्ष 2008 में मदनवाड़ा-कोडेकुर्से एलओएस में भर्ती होने के बाद वर्ष 2009 से 2012 पखेमाडी एल.ओ.एस. में कार्य किया। वर्ष 2013 से 2019 तक में माड डिविजन के जनताना सरकार में शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए वर्ष 2016 में एसीएम के पद पर पदोन्नत किया गया। वर्ष 2020 से समर्पण होने तक माड डिविजन प्रेस युनिट कमाण्डर के रूप में काम कर रहा था, 2011 में इन्द्रावती एरिया में चेतना नाट्य मंच में कार्य किया। वर्ष 2012 में जनताना सरकार स्कूल ग्राम रेकावाही में पढ़ाई करने के बाद वर्ष 2014 में केन्द्रीय कमेटी एवं पोलित ब्यूरो सदस्य सोनु उर्फ भूपति की सुरक्षा गार्ड टीम की सदस्या के रूप में काम की। वर्ष 2018 में प्लाटून नं 16 में ट्रांसफर किया गया।

संगठन छोडने का कारण

छ. ग. शासन की पुनर्वास निति की व्यापक प्रचार-प्रसार पुनर्वास योजना के तहत लाभ एवं परिवार के साथ खुशहाल जीवन जीने की सोच लिये समाज के भटके माओवादियों ने संगठन में उनके कार्यों की उपेक्षा करना, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं माओवादियों के द्वारा आदिवासियों पर किये जा अत्याचार से त्रस्त होकर छ.ग. शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नितियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए उक्त माओवादी दंपत्ति ने पुलिस के समक्ष किया।

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
।। ईश्तहार ।।
रा.प्र.क्र. 202412095300018 अ-74 वर्ष 2023-24
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक कलाराम यादव पिता [illegible] यादव जाति यादव निवासी ग्राम [illegible] तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि उसके पुत्री चन्द्रहासिनी पिता कलाराम यादव का दिनांक 14.10.2023 को ग्राम [illegible] में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म / मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्री चन्द्रहासिनी पिता कलाराम यादव का दिनांक 14.10.2023 को ग्राम पंचायत [illegible] में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा-आपत्ति पेशी दिनांक 07/02/2025 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 28/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।
प्रतिलिपि :- आवेदक कलाराम यादव पिता [illegible] यादव जाति यादव निवासी ग्राम [illegible] तहसील डोंगरगढ़ को सूचनार्थ। उक्त ईश्तहार का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराकर समाचार पत्र की प्रति पेशी दिनांक 07/02/2025 के पूर्व प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
सील
नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

अब्दुल कलाम राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी चुने गए

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने एक नियुक्ति पत्र जारी कर अब्दुल कलाम खान को राजस्थान जैसे बड़े प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। उक्त अनुशंसा के लिए उन्होंने इमरान प्रतापगढ़ी, श्रीमती सोनिया गांधी, मल्लिका अर्जुन खड़गे, राहुल गांधी, श्रीमती प्रियंका, केसी वेणुगोपाल और, फूलों देवी नेताम सहित पूरे अल्पसंख्यक विभाग का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है।

यह पहली मर्तबा है कि, अब्दुल कलाम को राजस्थान प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। इससे पहले भी अब्दुल कलाम खान ने इस तरह की जिम्मेदारियाँ पहले भी बखूबी निभाई है, जिसके मद्देनजर ही उन्हें इस बार भी इतनी अहम जिम्मेदारी आलाकमान ने सौंपी है। इसके पूर्व भी कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी के जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक चुना था और अब्दुल कलाम खान ने उनकी ऐतिहासिक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई थी। यही नहीं हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी उन्हें किलोई विधानसभा के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया जा चुका है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी रिठाला विधानसभा के पर्यवेक्षक बनाये गये थे। अब्दुल कलाम खान वर्तमान में उड़ीसा प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी है, राष्ट्रीय समन्वयक भी हैं। उनकी लंबे समय की सक्रियता और संगठन के प्रति निष्ठा के चलते ही उन्हें इस जिम्मेदारी के लिए चुना गया है। अब्दुल कलाम खान ने संगठन को विश्वास दिलाया है कि, उन पर भरोसा करके जो जिम्मेदारियाँ उन्हें सौंपी गई है, उसको बखूबी निभाएंगे आगे उन्होंने कहा कि, उनके नेतृत्व में राजस्थान अल्पसंख्यक विभाग नया इतिहास रचेगा, उनकी इस नियुक्ति से संगठन और इष्ट मित्रों में हर्ष का माहौल है।

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव

सर्व साधारण सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजनांदगांव वन मण्डल के डिपो में उपलब्ध ईमारती/जलाऊ/बांस का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार डिपो, चिरचारी से प्राप्त की जा सकती है।

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईस मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

चिरचारी काष्ठागार, नीलाम दिनांक :- 17.02.2025, समय :- 9.00 बजे
काष्ठागार का नाम :- चिरचारी, वनमण्डल :- राजनांदगांव

क्र.	प्रजाति	नये डिपोज़ ईमारती घ.मी.	नये डिपोज़ बल्ली / डे.नग	पुराने डिपोज़ ईमारती घ.मी.	पुराने डिपोज़ बल्ली / डे.नग	योग ईमारती घ.मी.	योग बल्ली / डे.नग
1	सागौन	24.418	53	283.876	4925	308.294	4978
2	साजा	-	-	12.928	-	12.928	-
3	बीजा	-	-	109.004	106	109.004	106
4	ह.मु.ग.	-	-	4.222	-	4.222	-
5	धावड़ा	-	-	2.681	-	2.681	-
6	कसाही	-	-	2.858	-	2.858	-
7	मौलसिरी	5.590	34	-	-	5.590	34
8	अन्य	-	-	16.551	-	16.551	-
	योग	30.008	87	432.120	5031	462.128	5118

1.क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है

जी - 242505490/5

वनमण्डलाधिकारी
राजनांदगांव वनमण्डल राजनांदगांव

ज्ञान मंथन

1) वर्ष 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय कैमेलिड (उष्ट्रगण) वर्ष घोषित किया ?
2) ऑस्टियोक्लास्ट किससे संबंधित है ?
3) भारतीय संविधान के किस संशोधन द्वारा न्यायपालिका कानूनों को अद्यतन बना दिया गया है ?
4) भारत में स्थानीय स्वशासन के जनक कौन थे ?
5) कैराकल जो हाल ही में विलुप्त होने के कगार पर होने के कारण खबरों में है किस प्रजाति से संबंधित है ?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) यूएन (2) हड्डी का निर्माण और हड्डी टूटना (3) 74 वें (4) लार्ड रिपन (5) जंगली बिल्ली

महापौर और पार्षद सहित आठ प्रत्याशी हमारे जीतेंगे:भूपेश तिवारी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी ने कहा है कि महापौर का प्रत्याशी ना बीजेपी का जीतेगा ना कांग्रेस का ना निर्दलीय, उन्होंने कहा कि यहां पर प्रत्याशी आम आदमी पार्टी का ही जीतेगा। आम आदमी पार्टी के महापौर प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार की उम्मीदवारी बाकी महापौर प्रत्याशियों पर भारी पड़ रही है। श्री तिवारी ने आगे बताया कि मिल रही रिपोर्ट से आम आदमी पार्टी के सभी सात उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित है। कहा कि लोग भाजपा और कांग्रेस दोनों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं, लेकिन आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। साफ सुथरी छवि की राष्ट्रीय पार्टी आम आदमी पार्टी अपने चुनाव चिन्ह झाड़ू से नगर निगम के भ्रष्टाचार को स्वाहा कर देगी।

थाना बसंतपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई- मोबाइल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। थाना बसंतपुर पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया रेडमी नोट मोबाइल (17,500) बरामद कर लिया है। प्रार्थी लुकेश्वर साहू (29 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 03 फरवरी 2025 को मोहारा बायपास स्थित शासकीय मदिरा दुकान में शराब खरीदते समय अज्ञात व्यक्ति ने उसका मोबाइल चोरी कर लिया। मामले में अपराध क्रमांक 58/25 धारा 303(1) भा.दं.सं. के तहत जांच शुरू हुई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नवीन गोयल (29 वर्ष) और शेख मकसूद (30 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला जेल राजनांदगांव भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू व उनकी टीम की अहम भूमिका रही।

राजा गुप्ता का भाजपा प्रवेश

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। अग्रहरि समाज के अध्यक्ष एवं पूर्व एल्डरमैन प्रभात गुप्ता राजा ने 35 लोग के साथ पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह के समक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री श्री सौरभ कोठारी एवं दक्षिण मंडल अध्यक्ष श्री प्रशांत गुप्ता गोलू की उपस्थिति में भाजपा में प्रवेश किया जिसमें अग्रहरि समाज के प्रमुखो के साथ साथ इंजीनियर, आयुर्वेदिक डॉक्टर , प्रोफेसर, व्यवसायी एवं पढ़े लिखे युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ग्रहण की। श्री अभिषेक सिंह ने प्रभात गुप्ता एवं अन्य सभी को माला एवं पार्टी का दुपट्टा पहना कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और कहा को आप लोग के अनुभव का लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा।राजा गुप्ता ने बताया की होने कांग्रेस पार्टी में बहुत ही अपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा था और मोदी जी के एवं विष्णु देव साय के सुशासन से प्रभावित होकर सदस्यता लेने वालों में राम किशोर गुप्ता, मुकेश देवांगन, धनराज बंजारे, संतोष जैन, चिन्मय अग्रहरि, तन्मय पटेल, रजत अग्रहरि, दीपक पांडे, उमेशभारती, विनोद टंडन, लाक्ष्मध्वज चंद्राकर, सिद्धार्थ वैष्णव, मिथिलेश श्रीवास, अनुज गुप्ता, संतोष वर्मा, डलेश्वर साहू, तुषार खांडेकर, राजेंद्र मारकंडे, अजय भारती, गणेश शर्मा, राहुल सिन्हा, राकेश मराठा, मोहनी रानी, भावना वर्मा, हितेश कुमार, प्रशांत पटेल डोमार वर्मा एवं अन्य शामिल थे।

आम आदमी पार्टी के पार्षद प्रत्याशी विक्की आनंद वैध घर-घर दे रहे हैं दस्तक

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। छुरिया नगर पंचायत के रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 05 से आम आदमी पार्टी से पार्षद प्रत्याशी विक्की आनंद वैध आशीर्वाद लेने सहपरिवार घर-घर दस्तक दे रहे हैं और जनता जनार्दन का भी उन्हें भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। विक्की आनंद वैध युवा हैं और शिक्षित भी हैं। साथ ही जमीनी स्तर पर क्षेत्र से और क्षेत्रवासियों से जुड़े हैं। पिछले एक दशक से जनता के बीच रहकर वो जनता की सेवा कर रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के एजेंडे को लेकर वह मैदान में उतरे हैं, उनकी मिलनसारिता और उनका स्वभाव सहज ही मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसलिए इन्हें एक मजबूत प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा है और इनकी जीत पक्की मानी जा रही है।

प्राणीशास्त्र विभाग पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत पहुंचे ठेलकाडीह

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन एवं प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. किरण लता दामले के नेतृत्व में प्राणीशास्त्र विभाग के स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों सहित प्राध्यापक डॉ. माजिद अली,श्री गुरप्रीत सिंह भाटिया एवं श्री चिरंजीव पाण्डेय ठेलकाडीह पहुंचे। जहां उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित पोषक विद्यालय संपर्क अभियान एवं महाविद्यालय के विस्तार गतिविधि अग्रणी दिग्विजय कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ठेलकाडीह पहुंचे।जहां संस्था के प्राचार्य श्रीमती गढ़पायले ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात संस्था के सहायक प्राध्यापक डॉ. माजिद अली ने 11वीं एवं 12वीं कक्षा के कला विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को कॉलेज के द्वारा दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधाएं जैसे लाइब्रेरी, फ्री हॉस्टल एवं विभिन्न प्रकार की दिए जाने वाले स्कॉलरशिप के बारे में भी विस्तार से समझाया साथ ही महाविद्यालय द्वारा रोजगार मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट कैंप के आयोजन के बारे में भी विस्तार से बताया। ज्ञात हो कि शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राज्य का एक अग्रणी महाविद्यालय है जहां 6000 से अधिक नियमित विद्यार्थी अध्ययनरत है। राष्ट्रीय उच्च शिक्षा नीति 2020 के तहत हुए बदलाव के लिए विद्यार्थियों को जागरूक करना उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य था। कार्यक्रम के समापन के पूर्व संस्था के प्राचार्य ने सहायक प्राध्यापक डॉ. माजिद अली को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्राध्यापक श्री गुरप्रीत सिंह भाटिया ,श्री चिरंजीव पाण्डेय सहित स्नातकोत्तर पूर्व एवं अंतिम के समस्त विद्यार्थी सम्मिलित रहे।

पांच दिवसीय योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। संचालनालय आयुष रायपुर एवं जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर आयुष ग्राम ग्राम पंचायत बीरेंद्र नगर जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ में शासकीय आयुर्वेद औषधालय बीरेंद्र नगर मे डॉक्टर मेनका देशमुख के नेतृत्व में आयोजन की गई। पांच दिवसीय योग एवं प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के तैलचित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर की गई तत्पश्चात योग प्रशिक्षक द्वारा बच्चों को योग करने के तरीके सिखाए गए,और बच्चों को स्वल्पाहार प्रदान किया गया।

गायत्री विद्यापीठ में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

(गायत्री गुरूकुल के नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुति)

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें प्री-प्रायमरी एवं प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। आयोजन का शुभारंभ सर्वप्रथम माँ गायत्री की आराधना के साथ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से की गई। तत्पश्चात् अतिथि परिचय व स्वागत के क्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.पुखराज बाफना जी का सारगर्भित परिचय गायत्री शिक्षण समिति के सचिव श्री गगन लड्डा जी द्वारा किया गया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मोहन पटेल जी ग्रांड पेरेंट गायत्री विद्यापीठ एवं प्रफुल्ल परमार जी, ट्रस्टी गायत्री शिक्षण समिति, का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, श्रीमती अलका सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्डा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, गायत्री शिक्षण समिति के सदस्यगण श्री पवन डागा, श्री सागर चितलांग्या, श्री मनोज चितलांग्या, श्री नंदकिशोर सोनी, श्री दिनेश बजाज, श्री धीरू भाई पटेल, श्री भावेश ठक्कर, श्री संजय लड्डा, श्री नरेन्द्र लोहिया, श्री हेमंत तिवारी के साथ-साथ प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, श्रीमती तामेश्वरी साहू, प्रशासक श्री अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टुटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में पालकगण, शहर के गणमान्य नागरिक, विद्यार्थीगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ.पुखराज बाफना द्वारा उद्बोधन में विद्यालय एवं विद्यालयीन व्यवस्था की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य का कर्णधार नागरिक बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ-साथ निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अव्वल स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पदक व प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने शाला की उत्तरोत्तर वृद्धि का विवरण प्रस्तुत करते हुए पालकों का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग एवं सामंजस्य से यह विद्यालय विद्यार्थियों में संस्कारों का बीजारोपण कर रहा है। समय की मांग भी यही है। बच्चों का संस्कारी होना ही हर माता-पिता की असली संपत्ति है, जो आरंभ से ही इस विद्यालय का उद्देश्य रहा है। इसी दिशा में विद्यालय परिवार भी प्रयासरत है। गायत्री गुरुकुल की प्राचार्य दीपाली रायचा द्वारा भी गायत्री गुरुकुल की स्थापना का उद्देश्य बताते हुए विद्यालय की अनेक खूबियों एवं उपलब्धियों से अवगत करवाया गया। शाला के विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक अनेक ज्ञानवर्धक शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसमें योग, धर्म, अध्यात्म एवं विज्ञान का अनूठा समन्वय देखने को मिला वहीं विद्यार्थियों ने नृत्य के माध्यम से समुद्र मंथन, मित्रता, गोकुल की धुन, राष्ट्रप्रेम, एकता, भाईचारा, रामायण के प्रसंग, खेल, संयुक्त परिवार की भूमिका, स्वास्थ्य आदि महत्वपूर्ण विषयों पर नृत्य के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। पालकों द्वारा सभी कार्यक्रम की विशेष सराहना की गई। आरंभ से लेकर अंत तक दर्शकदीर्घा तालियों की गड़गड़ाहट के साथ नयनाभिराम प्रस्तुति से सराबोर रहा। आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सोमा गायधने, श्रीमती अंजलि सोनवानी, सुश्री मेघा साहू द्वारा किया गया।

धर्म समाचार....

जब हनुमान जी ने अपने सामर्थ्य का वर्णन किया

ये तो हम सभी जानते हैं कि हनुमान जी को अपनी शक्ति को भूल जाने के श्राप था। इसी कारण जब वानर सेना समुद्र के किनारे खड़ी हो उस पर जाने की योजना बना रही थी तो विभिन्न वानरों ने अपनी-अपनी शक्ति के अनुसार समुद्र पार करने की बात की। उनमें से किसने कितनी दूर जाने की बात की, इसके बारे में आप यहाँ पढ़ सकते हैं।

अंततः ऋक्षराज जांबवंत ने हनुमान जी को उत्साहित किया और उन्हें समुद्र पार करने को कहा। जांबवंत जी के उत्साहित करने पर हनुमान जी को अपनी पूरी शक्ति का ज्ञान हुआ और उस समय उन्होंने समुद्र पार करने का जो भीषण उद्योग किया उसका बड़ा सुन्दर वर्णन वाल्मीकि रामायण के किष्किंधा कांड के 67वें सर्ग में हमें मिलता है।

जब हनुमान जी समुद्र लंघन को तैयार हुए तो उन्होंने अपना विराट स्वरुप धरा। उनका वो रूप देख कर सारे वानर अति उत्साहित होकर जोर-जोर से गर्जना करने लगे। उस समय हनुमान जी ने सभी वानरों को उस प्रकार देखा जैसे भगवान वामन ने अपने विराट स्वरुप में समस्त सृष्टि को देखा था। उन सभी का उत्साह देख कर हनुमान जी ने अपने शरीर को और भी बढ़ाना आरम्भ किया और अपनी पूंछ को जोर-जोर से पटकने लगे। उस समय उनका मुख साक्षात् अग्नि की भांति दिख रहा था।

फिर महाबली हनुमान सभी वानरों के बीच में खड़े हो गए और उन्होंने कहा - आकाश में विचरने वाले वायुदेव बड़े बलवान हैं और उनकी शक्ति की कोई सीमा नहीं है। अग्निदेव के सखा वायुदेव अपने वेग से बड़े-बड़े पर्वत शिखरों को भी तोड़ डालते हैं। अद्वितीय वेग से चलने वाले उन वायुदेवता का मैं औरस पुत्र हूँ और छलांग मारने में उन्हीं के समान हूँ।

कई सहस्त्र योजन तक फैले हुए महामेरु पर्वत, जो आकाश के बहुत बड़े भाग को ढंके हुए हैं, उनकी मैं बिना विश्राम किये सहस्त्रों बार परिक्रमा कर सकता हूँ। अपनी इन भुजाओं के वेग से मैं समुद्र को भी रोक कर उसके जल से पर्वत, नदी और जलाशयों सहित इस पूरे संसार को जलमग्न कर सकता हूँ। वरुण देव का निवास स्थान ये महासागर भी मेरे वेग से विक्षुब्ध हो जाएगा और इसके भीतर रहने वाले प्राणी ऊपर आ जाएंगे।

जिन गरुड़ की समस्त पक्षी सेवा करते हैं, यदि वे भी आकाश में उड़ते हों तो मैं हजारों बार उनकी भी परिक्रमा कर सकता हूँ। उदयाचल से चलकर मैं अपने सूर्यदेव को अस्त होने से पहले ही छू सकता हूँ और वहां से पृथ्वी पर वापस आकर यहाँ पैर रखे बिना ही पुनः भयंकर वेग से उनके पास जा सकता हूँ। मैं आकाशचारी समस्त ग्रह-नक्षत्र आदि को लाँघ कर आगे बढ़ जाने का उत्साह रखता हूँ।

मैं चाहूँ तो समुद्रों को सोख लूंगा, पृथ्वी को विदीर्ण कर दूंगा और कूद-कूद कर पर्वतों को चूर-चूर कर डालूंगा, क्यूंकि मैं दूर तक छलांग मारने वाला वानर हूँ। अपने महान वेग से इस महासागर को लांघता हुआ मैं अवश्य ही इसके पार पहुँच जाऊंगा। आज मेरे वेग से वृक्ष और लताएं भी मेरे साथ आकाश में उड़ते जाएंगे। आज समस्त प्राणी मुझे भयंकर वेग से आकाश में ऊपर जाते और नीचे उतरते हुए देखेंगे।

तुम लोग देखोगे कि मैं महागिरि मेरु के समान विशाल शरीर धारण करके स्वर्ग को ढकता और आकाश को निगलता हुआ सा आगे बढूंगा। मैं मेघों को छिन्न-भिन्न कर दूंगा, पर्वतों को हिला दूंगा और समुद्र को भी सुखा दूंगा। इस समुद्र को लांघने की शक्ति केवल गरुड़, वायुदेव या मुझमे ही है।

परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए सूर्य रथ सप्तमी पर करें ये उपाय

हिंदू पंचांग के अनुसार रथ सप्तमी का व्रत हर वर्ष माघ माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को रखा जाता है। रथ सप्तमी का यह पर्व भगवान सूर्यदेव को समर्पित होता है। इस दिन भगवान भास्कर की पूजा-आराधना और मंत्रोच्चार करने से कई गुना अधिक फल की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रथ सप्तमी के दिन भगवान सूर्य की उपासना करने से धन-धान्य में वृद्धि और परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है। रथ सप्तमी पर भगवान सूर्यदेव की पूजा-आराधना करने के अलावा कई तरह के उपाय किए जाते हैं जिससे व्यक्ति का भाग्य चमक उठता है। आइए जानते हैं रथ सप्तमी पर कौन-कौन से ज्योतिषीय उपाय करके सूर्यदेव को प्रसन्न किया जा सकता है।

सूर्यदेव को अर्घ्य

हिंदू धर्म में सूर्यदेव को प्रत्यक्ष देवता माना जाता है। सूर्यदेव को अर्घ्य देकर उनको प्रसन्न किया जा सकता है। शास्त्रों के अनुसार सप्तमी तिथि सूर्यदेव को अतिप्रिय है। इस दिन प्रात:काल नहाकर उगते हुए सूर्य को जल देने के लिए तांबे के लोटे में जल,लालचन्दन,चावल,लालफूल और कुश डालकर प्रसन्न मन से सूर्य की ओर मुख करके कलश को छाती के बीचों-बीच लाकर सूर्य मंत्र का जप करते हुए जल की धारा धीरे-धीरे प्रवाहित कर भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर लाल पुष्प अर्पित करने चाहिए। इससे आयु,आरोग्य,धन धान्य, यश,कांति,विद्या,वैभव और सौभाग्य आदि की प्राप्ति होती है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बेडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

हमारे कार्य ही हमारी जीत के दावे के आधार हैं : विष्णु देव

रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण जल्दी होगा एवं चिखली ओवर ब्रिज नया बनेगा

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। भारतीय जनता पार्टी महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव एवं शहर के विभिन्न पार्षदों के पक्ष में मतदान का आवाहन करने के लिए आज प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी ने गौरी नगर, लखोली एवं तुलसीपुर में आयोजित सभा के माध्यम से अपनी बातें रखी।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हजारों की संख्या में उपस्थित सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजनांदगांव के समुचित विकास के लिए डॉ रमन सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस क्षेत्र की जनता का वह समुचित ध्यान रखते हैं । आज प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, अगर महापौर तथा पार्षद प्रत्याशी भाजपा का होगा तो ट्रिपल इंजन की सरकार में तेजी से विकास होगा। श्री साय ने कहा कि भाजपा के कार्य ही भाजपा की जीत का आधार होते हैं। विधानसभा चुनाव में मोदी गारंटी की सभी योजनाओं को हमने पूरा किया। साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना की 12वीं किस्त जारी की गई है, एवं अटल विश्वास पात्र के माध्यम से हमने श्रद्धये अटल बिहारी वाजपेई की सौवीं जयंती पर उनके सपने को साकार करने के लिए अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसलिए प्रत्येक परिवार को पक्का मकान देने के लिए सर्वप्रथम 18 लाख ग्रामीणो को पक्का मकान देने की व्यवस्था की है केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 388000 मकान की स्वीकृति दी और आने वाले समय में 3 लाख और मकान देने की घोषणा उन्होंने की। विष्णु देव साय ने गौरी नगर की सभा में कहा कि जल्द ही यहां की प्रमुख समस्या रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण तेज गति से किया जाएगा और चिखली ओवर ब्रिज को नए तरीके से बनाया

जाएगा। श्री साय ने अटल विश्वास पात्र में नजूल भूमि में निवासरत पट्टाधारियों को भू स्वामी का अधिकार दिया जाएगा, श्री साय जी ने सभी कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताते हुए कहा कि भाजपा ही क्षेत्र का विकास कर सकती है इसलिए उन्होंने सभी पार्षद एवं महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव को आशीर्वाद देने का आवाहन किया।

महतारी वंदन योजना एवं नजूल पट्टे के भू स्वामी अधिकार पर लोग हर्षित हुए*

आज की सभा में देखा गया कि जैसे ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महतारी वंदन योजना एवं नजूल पट्टे के स्वामित्व की बात कही तो लोगों ने इसका करतल ध्वनि से तालियां बजाकर इसका स्वागत किया।

इसके पूर्व क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने जनता से हैट्रिक का आह्वान किया और कहा कि इस क्षेत्र की संवेदनशील जनता का वह ह्रदय से धन्यवाद देते हैं जिन्होंने एक कीर्तिमान स्थापित किया। कांग्रेस के भाचे, काका को भारी अंतर से हरा कर रवाना किया अब मधुसूदन यादव को सर्वाधिक लीड से जीतने की जवाबदारी राजनांदगांव की जनता की है, जिससे आने वाले समय में राजनांदगांव का संपूर्ण विकास प्रत्येक वार्ड में देखने को मिलेगा। डॉ रमन सिंह ने सभी पार्षद प्रत्याशियों का परिचय मुख्यमंत्री से कराया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल ने भी डॉ रमन सिंह के 15 वर्षों के विकास कार्यों को याद करते हुए कहा कि वह राजनांदगांव को लंबे समय से देखते रहे हैं, यहां जितना भी विकास कार्य हुआ है वह सभी डॉ रमन सिंह की देन है, उन्होंने यहां की तीनों सभाओं में भाजपा प्रत्याशियों को एवं महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव को भारी मतों से जीतने का आह्वान किया।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार तुलसीपुर की सभा के प्रभारी सचिन सिंह बघेल थे,एवं यहां का संचालन शरद श्रीवास्तव ने किया। दुर्गा चौक लखोली की सभा के प्रभारी एवं संचालन राजेंद्र गोलछा ने किया। गोरी नगर की सभा के प्रभारी रमेश पटेल थे और सभा का संचालन उपाध्यक्ष सुश्री आभा तिवारी ने किया। आज के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव, चुनाव संयोजक अभिषेक सिंह, भरत वर्मा, अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, सुरेश एच लाल, संतोष अग्रवाल, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, सुरेश डुलानी, प्रदीप गांधी, नीलू शर्मा, अवधेश चंदेल जी, सौरभ कोठारी, रेखा मेश्राम, अतुल रायजादा सुमित भाटिया, हर्ष रामटेके, ऋषिदेव चौधरी, श्यामा सुखदेव, शृति लोकेश जैन कन्हैया सुनील साहू,तृप्ति पात्रए, अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, शिव वर्मा, अनिल गजभिए, संदीप बघेल, डॉ अरविंद सिंहा,मुकेश चौबे,खेमलाल साहू,सावन वर्मा, मनोहर यादव, कमलेश बंदे, प्रमोद जंझाड़े, पारस वर्मा, किशुन यदु, रश्मि लोधी, श्रीमती रेखा अभय पारख, कुलेश्वर ध्रुव,श्रीमती बीना ध्रुव,दुर्गा चौक लखोली श्रीमती मिथिलेश्वरी वैष्णव भावेश वेद, तरुण लहरवानी, प्रशांत गोलू गुप्ता, हकीम खान, अरुण दामले, वर्षा ठक्कर,चंद्रशेखर लश्करे, रीना सिन्हा,गिरजा संतोष निर्मलकर,संतोष साहू,रेवती साहू, दीलेश्वर प्रसाद साहू, श्रीमती चंद्रिका साहू,सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे।

कांग्रेस अंतर्कलह से बुरी तरह जूझ रही, अब लोगों का विश्वास उठ गया : मधुसूदन यादव

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। भारतीय जनता पार्टी के महापौर उम्मीदवार मधुसूदन यादव का धुंआधार जनसम्पर्क अनवरत गति से चल रहा है, वे निगम क्षेत्र के लगभग 45 से अधिक वार्डो में घूम-घूम कर मतदाताओं से सीधे सम्पर्क कर कमल फूल खिलाने का आग्रह कर चुके है। इस दौरान उन्हें जनता का अथाह प्रेम व समर्थन मिल रहा है। वे जहां भी जा रहे हैं गर्मजोशी के साथ लोग उनका स्वागत कर रहे है, वही उनके पिछले कार्यकाल को लेकर फिर से समर्थन करने का वायदा भी कर रहे हैं। श्री यादव सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड, कैलाश नगर वार्ड, विवेकानंद वार्ड, तिलक वार्ड, गंज लाईन भरकापारा, सुभाष वार्ड कामठी लाईन तथा रानी सूर्यमुखी वार्ड गुड़ाखू लाईन में घर-घर जाकर सम्पर्क किया।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान श्री यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुये कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस की हालात खस्ता है, देश की राजनीति में जहाँ कांग्रेस हाशिये पर आ गई है वहीं प्रदेश में भीषण आंतरिक कलह से जूझ रही है। पार्टी के बड़े नेताओं ने ही रही सिर फुटव्वल से जनता के सामने इनकी हो रही किरकिरी देखने काबिल है। परिणामस्वरूप जनता का विश्वास इन पर से उठ चुका है। लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद देश में कहाँ-जहाँ विधानसभाओं के चुनाव हो रहे हैं, कहाँ-कहाँ इनकी गत देखने लायक है। हालिया दिल्ली में हो रहे विधानसभा चुनाव में भी मीडिया ने कांग्रेस को शून्य सीट देने की भविष्यवाणी की है। यही बात स्थानीय निकाय के चुनाव की तो पूरे प्रदेश सहित शहर में भी कांग्रेस के क्रियाकलापों से व्यथित आम लोगों का आक्रोश देखते ही बन रहा है, अब जनता का इन पर से पूरी तरह से भरोसा टूट चुका है। जिस तरह कांग्रेस ने पिछले पांच वर्षों में सत्ता में आने के बाद कुर्सी के मद में मदहोश होकर कार्य किया उससे प्रदेशवासियों की आंखे फटी की फटी रह गई थी, जिधर देखो उधर घोटाले ही घोटाले उजागर हुये। इसके आबकारी मंत्री व तबके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विश्वस्त अफसर महीनों से भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में जेल में बंद है। विकास के नाम पर इन लोगों ने आम लोगों को ठगा, कोई काम नहीं किया। स्थानीय निकायों की तो और दुर्गत् है, बिजली, पानी, सड़क, सफाई जैसे बुनियादी समस्याओं के लिये भी न तो इनके पास कोई कार्ययोजना थी और न ही इन लोगों ने कुछ किया ही।

फलस्वरूप लोगों ने इनकी मदहोश सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका। अब समय स्थानीय निकाय के चुनावों का है, यहाँ भी इनका सूपड़ा साफ होना तय है। अत: मतदाता भाई-बहनों से आग्रह है कि कमल फूल छाप का बटन दबाएं।

इस दौरान पार्षद प्रत्याशी वर्षा ठक्कर, चन्द्रशेखर लश्करे, अरुण दामले, राजेश जैन राजू, ब्रमित नादान सेन, वर्षा शरद सिन्हा सहित दिनेश गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, गिरी चावला, कमल राजपूत, विट्ठल पटेल, अरविन्द बैद, अंकित ठक्कर, जिग्नेश ठक्कर, ललित सेवपाल, आशीष शुक्ला, त्रिगुण टॉक, प्रहलाद सिन्हा, आशीष जैन, ज्ञानेश गुप्ता सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

युवाओं का साथ, बुजुर्ग का आशीर्वाद से इतिहास बदलेगा निखिल - नीरज कन्नोजे

कहा - भूपेश बघेल ने युवाओं का सम्मान करते हुए लोकल प्रत्याशी को दिया टिकट, जनता में हर्ष

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री व कांग्रेस के युवा नेता नीरज कन्नौजे ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी को युवाओं साथ और बुजुर्ग का आशीर्वाद से इतिहास बदलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 13 साल बाद राजनांदगांव के बेटे को लोकल प्रत्याशी को टिकट देकर युवाओं को सम्मान दिया हैं। निखिल द्विवेदी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा के कथित लोकप्रिय प्रत्याशी मधुसूदन यादव की भी हालत खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा कि निखिल द्विवेदी को जिताने वार्डो से सैकड़ो महाकाल भक्त दिन रात एक करके प्रयास कर रहे हैं। वहीं हजारों महाकाल भक्त श्री द्विवेदी को महापौर बनाने की ठान चुके हैं। शहर के सांस्कृतिक धार्मिक आयोजनों में निखिल द्विवेदी का कुशल नेतृत्व चर्चा का विषय बना हुआ है। छात्र जीवन से राजनीति की शुरुआत करने वाले श्री द्विवेदी नगर निगम के राजनीति में भले नए चेहरे हैं। लेकिन शहर में उनके लोकप्रियता किसी भी सूरत में कम नहीं है। वहीं उनकी लोकप्रियता बढ़ते देख भाजपा को बहुत ज्यादा पसीने बहाने पड़ रहे हैं। चुनाव प्रचार में और धन बल में भाजपा भले ही कांग्रेस से आगे हैं। लेकिन चुनावी समीकरण को देखा जाए तो निखिल द्विवेदी का पलड़ा दिनों दिन भारी होता जा रहा है।

श्री कन्नौज ने आगे कहा कि चौक चौराहों और होटल पान ठेलों पर चुनाव की शुरुआती दिनों में मधुसूदन के पक्ष में भाव ज्यादा मिल रहा था। लेकिन अब निखिल द्विवेदी के पक्ष में ज्यादा भाव मिल रहा है। इससे मधुसूदन की जीत सुनिश्चित बताने वालों की चिंता बढ़ गई है। वहीं निखिल द्विवेदी के साथ शहर का युवा वर्ग भी गली-गली घूम कर काम कर रहा है। निखिल द्विवेदी महापौर बनने के लिए बुजुर्गों का भी आशीर्वाद बटोर रहे हैं। जिलना की युवाओं का स्नेह बटोर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेताओं की एकजुटता के साथ पार्टी आला कमान भी उनकी जीत सुनिश्चित करने जी जान से जुट चुका है। वही निखिल द्विवेदी द्वारा की गई घोषणा से महिलाओं में भी उन्हें जिताने की उत्सुकता है। महिला समूह को सालाना 5000 रुपये प्रोत्साहन राशि देने की बात निखिल द्विवेदी ने कही है। जिससे महिलाएं प्रसन्न है।

महापौर प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार का वर्चस्व तेजी से बढ़ रहा, कांग्रेस-भाजपा सहित अन्य उम्मीदवारों की चिंता बढ़ी

राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)। आम आदमी पार्टी के महापौर प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार ने चुनावी युद्ध में कांग्रेस-भाजपा दोनों पर एक साथ निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में दोनों ही पार्टी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं, इनमें किसी को नागनाथ किसी को सापनाथ कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम में सत्ता कांग्रेस की रही हो या भाजपा की भ्रष्टाचार तो मिली भगत करके जमकर हुआ है। जनता अगर दोनों में से किसी एक को चुन भी लेती है तो भ्रष्टचार पर कोई भी अंकुश नहीं लगने वाला है। अधिकारी-ठेकेदार और नेता मिलकर जनता को बेवकूफ बनाते रहे, इसलिए अगर नगर निगम में साफ सुथरी सरकार चाहिए, तो महापौर प्रत्याशी आम आदमी पार्टी का चुनना होगा।

श्री स्वर्णकार ने आगे कहा कि देश की राजनीति में आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में साफ सुथरी सरकार देने का सतत् प्रयास किया है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने उन्हें फिर भी बदनाम करने की साजिश रच डाली है। जनता इसे भी समझती है। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार ने जोर देकर कहा कि हम शहर में पार्टी के झाड़ू से पूरे भ्रष्टचार को साफ कर देंगे और आम आदमी की बुनियादी समस्याओं को हल करने के लिए ईमानदारी से काम करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम राजनांदगांव में भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा-कांग्रेस दोनों ही पार्टी में भ्रष्टचार को ही बढ़ावा दिया, जिसमें जनता का विकास नहीं हो पाया, इसके न जाने अनेक उदाहरण है। राज्य की सत्ता सीन भाजपा की चिंता बढ़ी हुई है, क्योंकि विधानसभा चुनाव के समय किए गए वायदों को पूरा नहीं कर पा रही है। विशेष तौर से हजारों की संख्या में किसान समर्थन दर की राशि एक मुस्त नहीं मिलने से तथा पिछला बोनस नहीं मिलने से नाराज है, वहीं महतारी वंदन योजना के लाभ से

वंचित महिलाएं भी भाजपा से ना खुश हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन क्षेत्र का नगर निगम होकर भी राजनांदगांव की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव के विकास के लिए समुचित ध्यान नहीं दिया है, जिसकी वजह से इस शहर का पिछड़ापन बरकरार है। पूर्व में मधुसूदन यादव जब नगर निगम के महापौर थे, उस समय भी भ्रष्टाचार को लगातार मामले सामने आए थे और वह भ्रष्टाचार किसी से छुपी नहीं है। सौंदर्यीकरण, बिजली, पानी, नाली, रोड सहित अनेक कार्यों में भ्रष्टाचार हुए थे। वहीं 5 साल तक कांग्रेस के शासनकाल में नगर निगम की दुर्दशा से भी संस्कारधानी के लोग दुखी है। नगर पालिका निगम में 5 साल तक सत्ता सुख भोग कर अपना घर अपनी जेब भरने वाली कांग्रेस को इस बार जनता पूरी तरह नकार रही है। कांग्रेस नगर निगम में शासन करते हुए राजनांदगांव के चमन को उजाड़ने का काम किया है। साथ ही नगर निगम में 5 साल तक कांग्रेस की सत्ता से अधिकारी-कर्मचारी बहुत परेशान रहे हैं। नगर निगम में कांग्रेस सत्ता में रहते हुए अनेक भ्रष्टाचार को किए हैं, जिसका खामियाजा होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में उठाना पड़ेगा।

महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्रमांक 10 अंबेडकर चौक में एक जनसभा को संबोधित करते हुए महापौर प्रत्याशी आम आदमी पार्टी के कमलेश स्वर्णकार ने भाजपा कांग्रेस को जमकर निशाना साधा और कहा कि उनके कार्यकाल में कहीं कोई विकास इस वार्ड में नहीं हुआ है आज ये वार्ड मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा हैं।

वरिष्ठ पत्रकार के रूप में शहर जिले में स्थापित हो चुके हैं। कमलेश स्वर्णकार महापौर प्रत्याशी आम आदमी पार्टी के के रूप में धुआंधार जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार जारी रखा है। इस दौरान उनका वर्चस्व बहुत तेजी से बढ़ रहा है। वह उनके व्यवहार कुशलता के लोग कायल हो रहे हैं। जनसंपर्क एवं चुनाव प्रचार के दौरान श्री स्वर्णकार कांग्रेस-भाजपा की सांठगांठ से हो रहा भ्रष्टचार को लोगों के सामने रख रहे हैं, वहीं आम आदमी पार्टी की साफ सुथरी और विकास परख सोच को जनता के सामने रख रहे हैं। आम आदमी पार्टी के महापौर प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस नगर निगम में करीब 20 सालों से जुगलबंदी करके करोड़ों का भ्रष्टाचार कर रही है। श्री स्वर्णकार ने उदाहरण देते हुए कहा कि गौरव पथ, अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, दिग्विजय स्टेडियम, हाईटेक बस स्टैंड, इंदिरा नगर नाला, बाईपास, नेशनल हाईवे, फ्लाईओवर, हॉट बाजार आदि के निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। जुगलबंदी से भ्रष्टचार छोटे-छोटे कार्यों में भी जमकर हुए हैं। इन दोनों करोड़ों का डामरीकरण कार्य जो चल रहा है, वह भी जांच का विषय बना हुआ है। श्री स्वर्णकार ने यह भी कहा कि निगम चुनाव में कई कांग्रेसी पार्षदों और भाजपा के वहां पर प्रत्याशी में अच्छे संबंध के चलते स्वयं महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव कांग्रेसी पार्षदों को जीताने की मंशा रखते हैं। वहीं आज महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्रमांक 10 अंबेडकर चौक में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के महापौर प्रत्याशी कमलेश स्वर्णकार ने भाजपा व कांग्रेस को जमकर निशाना साधा और कहा कि उनके कार्यकाल में कहीं कोई विकास इस वार्ड में नहीं हुआ है। आज ये वार्ड मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा हैं। इसके अलावा शहर के 51 वार्ड में भी यही समस्या आज भी विद्यमान है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com